# सेवा कार्यों में तेजी लाने का लिया संकल्प



**लॉयंस क्लब ग्वालियर अनुभूति की नवीन कार्यकारिणी गठित**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 13 जून।** लॉयंस क्लब ग्वालियर अनुभूति के आगामी सत्र 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन शहर के एक होटल में आयोजित समारोह में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रांतपाल सुधीर वाजपेयी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रांतपाल नितिन मांगलिक, प्रांतीय कैबिनेट सेक्रेटरी रमेश श्रीवास्तव, प्रांतीय कैबिनेट ट्रेजरर रामकिशन सिंहल, कैबिनेट पीआरओ जुबेर रहमान, चीफ एरिया मैनेजर जे.एस. गुप्ता एवं रीजन चेयरपर्सन (रीजन-5) नरेंद्र मंगल की उपस्थिति रही।

**नई कार्यकारिणी का हुआ चयन:** सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय में लॉयन अंजू गर्ग को अध्यक्ष, लॉयन मनु शर्मा को मानसेवी सचिव और लॉयन नीलम शर्मा को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर उनके उज्ज्वल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पदभार ग्रहण करते हुए संकल्प लिया कि वे क्लब के सेवा कार्यों को और अधिक विस्तार देंगे। कार्यक्रम में क्लब के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर गुप्ता, अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा सहित क्लब के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन मानसेवी सचिव कमल बनवारी ने व्यक्त किया।

**संस्थापक अध्यक्ष का विजन**



क्लब की संस्थापक अध्यक्ष एमजेएफ मीनाक्षी गोयल ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा, लॉयंस क्लब अनुभूति की पहचान हमेशा निस्वार्थ सेवा और समर्पण से रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंजू गर्ग और उनकी टीम क्लब की गौरवशाली परंपरा को और आगे बढ़ाएगी। हमारा उद्देश्य केवल सेवा करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। नई टीम के साथ मिलकर हम आने वाले सत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में और भी अधिक प्रभावी और बड़े सेवा प्रकल्पों को धरातल पर उतारेंगे।

## तिघरा डैम में पिकनिक मनाने गए दो मेडिकल छात्र डूबे

**ग्वालियर।** तिघरा डैम के प्रतिबंधित जंगली इलाके में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। यहां दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने आए गजराराजा मेडिकल कॉलेज के दो एमबीबीएस छात्र नहाने के दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में समा गए। घटना 'बोट क्लब' से करीब तीन किलोमीटर दूर कच्ची पार इलाके की है। शनिवार रात स्थानीय गोताखोर और एसडीआरएफ की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं, लेकिन अभी तक दोनों छात्रों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। तिघरा डैम में डूबे दो छात्रों में से एक मुजफरपुर बिहार व दूसरा मध्य प्रदेश के बीना बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी तिघरा पहुंच गए हैं। मेडिकल कॉलेज के 8 छात्र-छात्राओं का एक दल शहर से 35 किलोमीटर दूर तिघरा डैम पर पिकनिक मनाने पहुंचा था।

# विवादों का सकल ब्राह्मण महासमिति करेगी समाधान

**शिवजी की कथा के साथ 22 को तुलसी मातृशक्ति सम्मान मिला**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 13 जून।** ग्वालियर में पर्याप्त जल वर्षा एवं आर्थिक उन्नति सभी के सुख समृद्धि शांति के लिए पुरुषोत्तम मास में आज शिवरात्रि के अवसर पर सिर्फ परशुरामेश्वरम मंदिर गेंडे वाली सड़क पर भगवान शिव गौरी, गणेश, भगवान परशुराम का पूजन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा संस्थापक डॉक्टर जयवीर भारद्वाज ने प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदि गौड़ ब्राह्मण समाज की महिला अध्यक्षा- श्रीमती सुमन शर्मा, मुख्य वक्ता बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ बंदना भूपेंद्र प्रेमी तथा अध्यक्षता सकल ब्राह्मण महासमिति की महिला अध्यक्ष श्रीमती बीना भारद्वाज ने की। मुख्य यजमान अनिता योगेंद्र दीक्षित थीं। संचालन कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती अनीता रिछारिया, श्रीमती कांता शर्मा ने किया।

तुलसी मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित होने वाली महिलाओं में शशि गोस्वामी,संगीता शर्मा, अंजू दीक्षित,माया शर्मा. रेनू शर्मा,अनीता दीक्षित, प्रीती शर्मा. शशि व्यास. माया भारद्वाज संध्या तिवारी आशा त्रिपाठी सरिता त्रिपाठी. कांता शर्मा मनोरमा शर्मा शशि शर्मा अल्का मिश्रा संतोष शर्मा रेखा शर्मा अनीता रिछारिया उमा शर्मा डॉ प्रमिला पचौरी रेखा चतुर्वेदी को अंगवस्त्र, गले में मेडल, तुलसी,भगवान परशुराम की तस्वीर अतिथियों द्वारा देकर तुलसी मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि आसान से समाजसेवी का सुमन शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज में पारिवारिक विभागों को सुलझाने के लिए सकल ब्राह्मण महासमिति को आगे आना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ वंदना भूपेन्द्र प्रेमी ने कहा कि वर्तमान समय में हमें बरसात में पर्याप्त पानी अच्छा पानी बरसे और समाज के सभी लोगों को आर्थिक उन्नति हो इसके लिए जो कार्य पुरुषोत्तम मास में सकल ब्राह्मण समिति द्वारा किया जा रहा है इससे हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए।



# प्रसूति गृह मुरार में 'गर्भ संस्कार' कार्यक्रम का आयोजन

**गर्भवती महिलाओं को दिए स्वस्थ शिशु के टिप्स**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 13 जून।** आरोग्य भारती ने शनिवार को प्रसूति गृह, मुरार में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष 'गर्भ संस्कार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान सही पोषण, सकारात्मक जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति माताओं को जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ आरोग्य भारती के प्रांत अधिकारी जे.पी. शर्मा, डॉ. राजेश बिथरिया, डॉ. अंजली रायजादा एवं अन्य विशेषज्ञों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण सलाह सकारात्मकता और मानसिक स्वास्थ्य: भेरवी श्रीवास्तव ने तनावमुक्ति के लिए योग, ध्यान और सकारात्मक पुस्तकों के पठन पर जोर दिया।

संतुलित आहार: भूमिका श्रीवास्तव ने शिशु के समुचित विकास के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार लेने की जानकारी दी।

संगीत और मंत्र: दीप्ति श्रीवास्तव ने गर्भस्थ शिशु के मानसिक विकास के लिए हल्का संगीत और मंत्रोच्चार के लाभ बताए।

डॉ. अंजली रायजादा ने बताया कि मां के विचार और वातावरण गर्भ में पल रहे शिशु पर सीधा प्रभाव डालते हैं। इस अनूठी पहल से प्रसूताओं का प्रसव संबंधी भय दूर होगा और उन्हें स्वस्थ पीढ़ी के जन्म के लिए संबल मिलेगा। कार्यक्रम में अस्पताल की मेट्रन मीना शर्मा, स्टाफ, एएनएम और बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

इस दौरान अस्पताल मेट्रन मीना शर्मा, शशि राजावत, मीरा तोमर, पूर्णिमा चौरसिया, एवं स्टाफ, एएनएम और बड़ी संख्या में प्रसूताएं व उनके परिजन उपस्थित रहे।

# नगर में निकली भव्य जनजागरण यात्रा

**मानव उत्थान सेवा समिति का सत्संग समारोह आज से**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 13 जून।** मानव उत्थान सेवा समिति ग्वालियर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आध्यात्मिक जागरण सत्संग समारोह का शुभारंभ कल 14 जून रविवार को शाम चार बजे से स्थानीय जीवायएमसी क्लब प्रांगण में पहोगा। उक्त जानकारी देते हुए राम बाबू कटारे ने बताया कि सत्संग समारोह में सदगुरुदेव श्री सतपाल महाराज के शिष्य महात्मा श्री वर्धमानानन्द के साथ साध्वी हरीशा बाई जी, मिथलेश बाई, परमार्थी बाई, चन्द्र मणि बाई द्वारा जीवन को सार्थक बनाने के लिए जीवन में आत्मज्ञान और आध्यात्मिक साधना का मार्ग प्रशस्त किया जायेगा।

सत्संग समारोह से पूर्व अध्यात्म प्रेमी जन साधारण में जन जाग्रति के लिए एक जन जागरण यात्रा का आयोजन स्थानीय श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर से साध्वी हरीशा बाई के नेतृत्व में किया गया। यात्रा श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारम्भ होकर ललितपुर कालौनी, अस्पताल मार्ग, दाल बाजार, जयेन्द्रगंज चौक होकर रोशनीघर मार्ग से वापिस जीवायएमसी क्लब प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया। यात्रा में आध्यात्म ज्ञान के प्रचार के नारे लगाए गए। श्रद्धालुओं ने स्थान स्थान पर यात्रा का भव्य स्वागत किया। आयोजकों ने सभी आध्यात्म प्रेमीयों से सत्संग समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## बीजेपी नेता के पिता को टक्कर मारी


**ग्वालियर।** भितरवार के मुख्य बाजार में शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यहां एक थार गाड़ी के चालक ने बुजुर्ग को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे घायल हो गए। यह पूरी घटना पास ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, भितरवार के वार्ड नंबर 7 के रहने वाले 50 वर्षीय देवेंद्रनाथ भार्गव अपने घर से कुछ ही दूरी पर कमला स्कूल के पास पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक काले रंग की थार गाड़ी के चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार से उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बुजुर्ग हवा में उछलकर दूर जा गिरे। गनीमत यह रही कि वे कार के पिछले पहिए के नीचे आने से बच गए।

# म .प्र . में व्यवसायियों को 'प्रोफेशनल टैक्स' से मुक्त किया जाए : एमपीसीसीआई

**प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित प्रदेश के सभी चेम्बर ऑफ कॉमर्स को लिखा पत्र**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 13 जून।** म. प्र. सरकार द्वारा राज्य के व्यवसायियों से प्रोफेशनल टैक्स वसूल किए जाने के विरोध में आज एक बार पुन: म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्र जगदीश देवड़ा सहित प्रदेश के समस्त चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स को पत्र प्रेषित कर, उपरोक्त कर की समाप्ति की माँग की गई क्योंकि कर विगत काफी वर्षों से व्यवसायियों के ऊपर देय है, जबकि व्यवसायी अन्य प्रकार के कई करों का भुगतान कर रहा है । इसलिए प्रोफेशनल टैक्स को तत्काल समाप्त किए जाने की पुरजोर माँग की गई है ।

अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि व्यापारियों को जी.एस.टी., आयकर, वैट आदि सहित बहुत सारे करों का सामना करना पड़ता है, जिसकी वजह से मध्यप्रदेश का व्यापारी अपने आपको कर के बोझ से दबा हुआ पा रहा है ।व्यापारी पर अपने व्यापार एवं उद्योग को चलाने के लिए, इससे संबंधित जितने कर लागू होते हैं, उसका लेखा-जोखा रखना होता है और शासन को समय-समय पर कर चुकाना होता है ।



## दलित कार्यकर्ताओं ने करोसिया को किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 13जून।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं पूर्व जेल डायरेक्टर गुरुमुख करोसिया का डबरा से आए वरिष्ठ कार्यकर्ता कमलेश पमार एवं अनिकेत टॉक के साथ युवा नेता करण राज खरे ने ग्वालियर आकर स्वागत सम्मान किया।

# पीड़ित को न्याय दिलाना ही उद्देश्य -घनश्याम गुप्ता

**मानव अधिकार प्रोटेक्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेशाध्यक्ष, संरक्षक व जिलाध्यक्ष से चर्चा की**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 13 जून।** मानव अधिकार प्रोटेक्शन के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता अपने अल्प प्रवास पर मध्यप्रदेश आए जहां उन्होंने दतिया में मां पीताम्बरा पीठ के दर्शन किए उसके बाद ग्वालियर पहुंचे। उनकी आगवानी प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र झा, संरक्षक ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद्र जैन ने की। इस दौरान राष्ट्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी मौजूद रहीं।

गुप्ता दोपहर में ग्वालियर पहुंचे इस दौरान सर्किट हाउस पर उन्होंने वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा की और संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु सदस्यता अभियान चलाने पर भी जोर दिया। ।उनके साथ डॉ. जी. एस. लहरी (उत्तर प्रदेश प्रभारी) तथा महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष, मानव अधिकार प्रोटेक्शन उपस्थित रहीं। महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती गुप्ता का जिला अध्यक्ष रेखा गंभीर ने स्वागत किया इस अवसर पर मयंक झा, अजय पेमदे भी मौजूद रहे

**निष्क्रिय सदस्यों को बाहर का रास्ता दिखाए - गुप्ता :** राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता ने प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र झा को निर्देश देते हुए कहा कि जो सदस्य या पदाधिकारी संगठन में सक्रिय नहीं है ऐसे लोगों को बाहर का रास्ता दिखाते हुए शक्त एक्शन लें और जो व्यक्ति सामाजिक हित में कार्य करें उन्हें संगठन से जोड़े. चर्चा के बाद वे उत्तरप्रदेश मुख्यालय के लिए रवाना हो गए।

## पथराव कर कार का कांच तोड़ दिया

**ग्वालियर।** थाटीपुर थाना क्षेत्र के ज्योति नगर कुम्हारपुरा इलाके में शनिवार को पड़ोसी ने पुरानी रंजिश के चलते जमकर उत्पात मचाया। आरोपी ने घर के बाहर खड़ी कार पर पत्थर फेंककर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर घर की महिलाओं पर भी पथराव किया।

जानकारी के मुताबिक ज्योति नगर निवासी भूपेन्द्र साहू एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। घटना के समय वह नाइट शिफ्ट में ड्यूटी पर गए हुए थे,

# धर्म कर्म से अशुभ कर्म टलते हैं और पुण्य बढ़ते हैं : मुनिश्री

**विधान में देखे सोलह स्वप्न, हुआ भगवान का जन्म, खुशी में झूमे इंद्र इन्द्राणी, चढ़ाए महाअर्घ्य**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 13 जून।** दीनदयाल नगर स्थित श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री विधुव सागर सानिध्य में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान आज तीसरे दिन 16 स्वप्नों का फल देखने को मिला। यहां आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। पूरा प्रांगण मानो 'अयोध्या दरबार' में तब्दील हो गया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि पंडित राजेंद्र जैन ने पूजन के मध्य कई मनमोहक और भावपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया गया। वही भगवान आदिनाथ की माता मरुदेवी को गर्भावस्था से पूर्व आए सोलह स्वप्न और पिता नाभिराय रजनीश जैन की ओर से उन स्वप्नों के फल की जिज्ञासा का मंचन बेहद आकर्षक रहा। वहीं माता मरुदेवी की भूमिका निभा रही ममता जैन को बालक आदिनाथ का जन्म होता है। वहीं संगीतकार रामकुमार के भजनों पर खुशी से चारों तरफ इंद्र इन्द्राणी झूम उठाते हैं।

जैन ने बताया कि महोत्सव के विधानाचार्य पंडित राजेंद्र जैन ने 108 मंत्र उच्चारण के साथ में भगवान पार्श्वनाथ का शुद्ध जल से प्रथम अभिषेक सौधर्म इंद्र महेंद्र जैन सहित इंद्रो जयकारों के साथ किया। वहीं मुनिश्री ने अपने मुखारबिंद से भगवान की शांतिधारा रजनीश सीमा जैन और पवन कुसुम जैन परिवार ने की। अभिषेक के उपरांत भगवान की महाआरती मुन्नालाल अलका जैन परिवार ने सामूहिक रूप से की। वहीं विधान में इंद्र इन्द्राणियों ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मुकुट और गले में माला पहनकर भक्तिभाव के साथ पूजा अर्चना कर सिद्ध प्रभु की आराधना करते हुए महा अर्घ्य भगवान जिनेंद्र को समर्पित किए।

मुनिश्री विधुव सागर ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिना धर्म के तो कुछ मिलने वाला नहीं है अगर आपको पुण्य इकठ्ठा करना है तो पहले आप धर्म करो। धर्म के क्षेत्र में यदि कोई अवसर पुण्य कमाने का मिलता है तो उसको अवश्य ले लेना चाहिये इससे अशुभ कर्म तो टलते ही हैं साथ ही आपका पुण्य भी बढ़ता है।धर्म केवल पूजा नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक सच्ची साधना है।

## प्रेम विवाह पर बेटी का 'श्राद्ध', समाज में चर्चा

**शाजापुर.** जिले के मोहन बड़ोदिया क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां 19 वर्षीय युवती के प्रेम विवाह करने पर उसके परिवार ने उसे सामाजिक रूप से 'मृत' मानते हुए उसका श्राद्ध कर दिया. मामला सोशल मीडिया और स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है. कॉलेज छात्रा 2 जून को घर से लापता हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर 6 जून को उसे सुरक्षित बरामद किया. जांच में सामने आया कि उसने अपनी मर्जी से दूसरे समाज के युवक से प्रेम विवाह किया है. युवती ने बालिग होने और स्वेच्छा से निर्णय लेने की बात भी पुलिस को बताई.

इस फैसले से नाराज परिवार ने उसे सामाजिक रूप से 'मृत' घोषित कर दिया. परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार उसके भाई ने उसकी तस्वीर के सामने श्राद्ध और पिंडदान किया. इसके बाद पूजा सामग्री और प्रतीकात्मक अवशेषों को लखुंदर नदी में विसर्जित कर दिया गया.

पुलिस के अनुसार, युवती पूरी तरह बालिग है और उसने लिखित में स्वेच्छा से विवाह करने की पुष्टि की है. हालांकि, परिवार द्वारा इस तरह का कदम उठाने से क्षेत्र में विवाद और बहस तेज हो गई है.

कई लोग इसे सामाजिक परंपरा का चरम रूप बता रहे हैं, जबकि अन्य इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर सवाल उठाने वाला कदम मान रहे हैं. यह मामला समाज में प्रेम विवाह, पारिवारिक स्वीकृति और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को लेकर फिर से बड़ी बहस खड़ी कर रहा है.

# प्रतियोगिता : कर्मचारियों ने दिखाई प्रतिभा

**भोपाल, 13 जून. राजभाषा हिंदी के प्रयोग और प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना, निशातपुरा भोपाल में आयोजित अखिल रेल हिंदी प्रतियोगिताएं-2026 का प्रथम दौर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.**

मुख्य कारखाना प्रबंधक प्रफुल्ल वी. कोहाड़े के संरक्षण में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में तकनीकी और गैर-तकनीकी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. प्रतियोगिता के पहले दिन 'राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में सोशल मीडिया की भूमिका' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई.

दूसरे दिन कर्मचारियों की प्रशासनिक दक्षता परखने के लिए हिंदी टिप्पणी एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता हुई. तीसरे और अंतिम दिन आयोजित हिंदी वाक् प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रभावशाली वक्तृत्व, तार्किक क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल का प्रदर्शन किया.

प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के लिए गठित त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल में आर.के. उपाध्याय, प्रशांत नरसिंहपुरकर और राकेश कुमार रंगा शामिल रहे. निर्णायकों ने प्रतिभागियों के ज्ञान, प्रस्तुतीकरण और तर्कशक्ति का मूल्यांकन कर क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए योग्य प्रतिभागियों का चयन किया.

रेलवे प्रशासन ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं कर्मचारियों में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने और कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा के प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं.

**आम सूचना**

श्री गौरव जाटव एवं श्री कृष्णा जाटव पुत्रगण श्री उत्तम सिंह के स्वत्व व स्वामित्व की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित ग्राम मइ. प.ह.नं.61, रा.नि.मं.04 तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.09 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 940/2/2 ग्राम मइ का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है-पूर्व में-भूखण्ड दीगर, पश्चिम में-रास्ता 18 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूखण्ड सोनेराम मित्तल एवं दक्षिण में-भूखण्ड दीगर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री मंशाराम पारा पुत्र स्व. श्री मिठ्ठूलाल एवं श्री संतोष पुत्र श्री बलराम सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री मंशाराम पारा द्वारा सम्पत्ति 0.100 हैक्टेयर एरिया श्री सोनेराम मित्तल पुत्र स्व. श्री केदारनाथ को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 25792018ए 1597419 दिनांक 24.08.2018 से विक्रय की गई। श्री सोनेराम मित्तल द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मीना जाटव पत्नी श्री उत्तम सिंह जाटव को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी258220220ए11066536 दिनांक 21.10.2022 से विक्रय की गई। श्रीमती मीना जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती माधुरी तिवारी पत्नी श्री प्रमोद कुमार को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25822023ए12209323 दिनांक 01.08.2023 से विक्रय की गई। श्रीमती माधुरी तिवारी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री गौरव जाटव (बालिग) एवं कृष्णा जाटव (नाबालिग) पुत्रगण श्री उत्तम सिंह सरपरस्त अंकल श्री घनश्याम पुत्र श्री महाराज सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25822024ए11099498 दिनांक 04.09.2024 से विक्रय की गई। श्री कृष्णा जाटव अब व्यस्क हो चुके हैं। उक्त सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी द्वारा ऐसा अवगत कराया गया है कि उक्त विक्रय विलेख दिनांक 01.06.2023 की मूलप्रति एवं विक्रय विलेख दिनांक 21.10.2022 की मूलप्रति के पृष्ठ क्र.19 एवं 20 गुम हो गये है। श्री गौरव जाटव एवं श्री कृष्णा जाटव द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान उम्मीद हाउसिंग फायनेंस प्राईवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त विक्रय विलेख दिनांक 01.08.2023 की मूलप्रति एवं विक्रय विलेख दिनांक 21.10.2022 की मूलप्रति के पृष्ठ क्र.19 एवं 20 प्राप्त हो तो वह मूल दस्तावेज प्रदान करें एवं जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, निकाय अथवा उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्य, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
**नीरज जैन, एडवोकेट**
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

**आम सूचना**

श्री कक्कू कीर पुत्र श्री रामचरन एवं श्रीमती ममता पत्नी श्री कक्कू उर्फ कक्कू जी के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति स्थित ग्राम समरसा, तहसील एवं जिला श्योपुर (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.278 (बी), ब्लॉक नं. 119(पी) ग्राम समरसा का भाग है एवं जसवीर बल 280.00 वर्गमीटर है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है- पूर्व में-भूमि एवं भवन, श्री राधेश्याम कीर, पश्चिम में-भूमि एवं भवन छोटूलाल कीर, उत्तर में-रास्ता आम एवं दक्षिण में-भूमि मान सिंह की है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में भू-राजस्व रिकॉर्ड वर्ष 2022-23 के अनुसार, श्री कक्कू कौर पुत्र श्री रामचरन के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री कक्कू कीर द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती ममता पत्नी श्री कक्कू उर्फ कक्कू जी के हित में ई-रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख क्र. एमपी 26 आईजीआर 18592026ए 100684137 दिनांक 05.06.2026 को सम्पादित किया गया। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित वर्ष 2022-23 से पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्री कक्कू कीर एवं श्रीमती ममता द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. श्योपुर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा वर्ष 2022-23 से पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दरतावेज इस सूबना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जायेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

प्रेषक
**नीरज जैन, एडवोकेट**
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

# सिंधिया टी-10 व्हीलचेयर क्रिकेट चैम्पियनशिप उत्तर प्रदेश टीम ने जीती



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 13 जून।** आठवीं कै. महाराज श्रीमंत माधवराव सिंधिया मेमोरियल नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट सीरीज टी-10 का पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में बिरला अस्पताल के डॉक्टर देवड़ा, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं इंडियन व्हीलचेयर एसोसिएशन के संरक्षक आशीष प्रताप सिंह राठौड़ उपस्थित थे।

समापन समारोह कैलाशवासी माधव महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ। प्रतियोगिता का फाइनल मैच एमपी और यूपी के बीच खेला गया। जिसमें उत्तर प्रदेश ने पहले बैटिंग करते हुये 15 ओवर में 9 विकेट खोकर 159 रन बनाए। जबाब में मध्य प्रदेश की टीम 14 ओवर दो बॉल में 73 रन पर सिमट गई। कार्यक्रम का संचालन मध्य प्रदेश टीम के कप्तान कबीर भदौरिया ने किया एवं आभार प्रदर्शन महासचिव वीर बहादुर सिंह ने व्यक्त किया।

# आशा की किरण बनी 'अनुयश आरोग्य प्रतिष्ठान' की पहल

**टाइप-1 डायबिटीज से जूझ रहे बच्चों के लिए**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 13 जून।** टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों के स्वास्थ्य और उनके बेहतर भविष्य के प्रति समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्य कर रहे अनुयश आरोग्य प्रतिष्ठान' और 'हर्बायु वेलनेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के संयुक्त तत्वावधान में एक मधुमेह जागरूकता कार्यक्रम एवं पत्रकार वार्ता का आयोजन होटल एम्बियंस में किया गया। मधुमेह शोधकर्ता और 'मधुमेह मुक्त भारत अभियान' के प्रणेता डॉ. रवींद्र नांदेड़कर ने इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कोविड-19 के बाद से भारत में टाइप-1 डायबिटीज से प्रभावित बच्चों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज की पीढ़ी ही कल का भविष्य है और बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देना अनिवार्य है। चिरंजीव ने साझा किया, भावुक कर देने वाला अनुभव पत्रकार वार्ता में सबसे भावुक क्षण तब आया जब 'बाल मधुमेही दत्तक योजना' का लाभ ले रहे 14 वर्षीय चिरंजीव तिवारी ने अपना अनुभव साझा किया। पिछले पांच वर्षों से इस योजना से जुड़े चिरंजीव ने बताया कि कैसे नियमित मार्गदर्शन और स्वास्थ्य सहायता ने उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। उनकी कहानी सुनकर वहां मौजूद कई लोग भावुक हो उठे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि टाइप-1 डायबिटीज केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए एक बड़ी मानसिक, सामाजिक और आर्थिक चुनौती है।

**क्या है 'बाल मधुमेही दत्तक योजना'?** डॉ. श्रुति नांदेड़कर ने वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि टाइप-1 डायबिटीज के समग्र प्रबंधन के लिए जागरूकता और निरंतर निगरानी कितनी महत्वपूर्ण है। अनुयश आरोग्य प्रतिष्ठान' द्वारा वर्ष 2016 से संचालित इस योजना के माध्यम से अब तक देश भर के 1700 से अधिक बच्चों को सहायता और मार्गदर्शन प्रदान किया जा चुका है। कार्यक्रम के अंत में योजना के समन्वयक विजय निम्बालकर ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

संस्था ने प्रभावित परिवारों से अधिक जानकारी और नि:शुल्क पंजीकरण के लिए संस्था से संपर्क करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में बाल आयोग के पूर्व अध्यक्ष के के दीक्षित भी उपस्थित रहे।